कार्यालय पुलिस उपायुक्त जोन-काशी, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक- 19/11/2024

विषयः-थाना चेतगंज पुलिस द्वारा एक नफर शातिर चोर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की एक अदद मोटर साइकिल हीरो स्पेलेण्डर बरामद किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज जोन काशी कमि0 वाराणसी के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक थाना चेतगंज के नेतृत्व में थाना चेतगंज पुलिस द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 184/2024 धारा 317(2) बीएनएस, 35 बीएनएसएस से संबंधित अभियुक्त विपिन उर्फ भुल्लन पुत्र टिर्रू निवासी मुक्ति मिशन हास्पिटल के पास शीतला माई मन्दिर रसूलगढ़ थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष को कबाड़ मंडी के पास स्थित देशी शराब की दुकान के पास थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया गया। अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरणः- दि0 19.11.2024 को थाना चेतगंज पुलिस को मुखबीर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि मुखबिर खास ने आकर बताया की एक व्यक्ति चोरी की बाइक के साथ कबाड़ मंडी के पास स्थित देसी शराब की दुकान के पास खड़ा है। इस सूचना पर थाना चेजगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त विपिन उर्फ भुल्लन पुत्र टिर्रू निवासी मुक्ति मिशन हास्पिटल के पास शीतला माई मन्दिर रसूलगढ़ थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष को पकड़ लिया गया जिसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गयी।

विवरण पूछताछ अभियुक्तः- विपिन उर्फ भुल्लन पुत्र टिर्रू निवासी मुक्ति मिशन हास्पिटल के पास शीतला माई मन्दिर रसूलगढ़ थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष पूछताछ करने पर अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए बता रहा है कि साहब आप लोगों ने जो मेरे पास से यह बाइक गाजीपुर से चोरी किया हूँ जिसे आज मैं यहां पर बेचने के लिए लाया था। कि आप लोगों ने पकड़ लिया गलती हो गई साहब मुझे माफ कर दीजिए।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- विपिन उर्फ भुल्लन पुत्र टिर्रू निवासी मुक्ति मिशन हास्पिटल के पास शीतला माई मन्दिर रसूलगढ़ थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष

बरामदगी का विवरण- हीरो स्प्लेंडर प्लस गाड़ी का रंग काला तथा नंबर प्लेट पर मोटरसाइकिल संख्या UP61AN 8146

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान-

कबाड़ मंडी के पास स्थित देशी शराब की दुकान के पास थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी दिनांक 19.11.2024 को।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

श्री दिलीप कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक चेतगंज कमि0 वाराणसी
उ0नि0 अभिषेक कुमार त्रिपाठी क्राइम टीम थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी
उ0नि0 अरूण कुमार चौकी प्रभारी लहुराबीर थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी
का0 अभिषेक कुमार गौड़ थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी
का0 जितेन्द्र कुमार थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी